Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 31-07-2022 | अंक 301

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### प्रमोद यादव ने कल अखबार में हुई प्रकाशित भाजपा का खबर का किया खंडन



## भाजपा बरही विधान सभा मे स्थानीय को बनाए अपना उम्मीदवार, नही तो होगी दुर्गति : गणेश यादव

### भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में विधानसभा की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा

बरही लाइव
योगेंद्र प्रजापति/
रितेश गप्ता

भारतीय जनता पार्टी से जुड़े बरही विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं की बैठक उजैना स्थित रेस्टोरेंट मे हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह एवं संचालन सांसद प्रति. निधि गणेश यादव ने किया। बैठक मे विधान सभा के वरिष्ठ नेता एव विधान सभा प्रत्याशी रहे भुनेश्वर यादव भी मौजूद रहे। बैठक मे बरही विधानसभा की राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की गई। गहन विचार विमर्श करने के बाद सभी ने एक स्वर से माना

बैठक में शामिल भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता

कि वर्तमान समय मे बरही विधानसभा में जो भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक स्थिति है तथा संगठन की ओर से जो निर्णय लिए जा रहे हैं ,वह सही एव पार्टी के हित मे नही है। गणेश यादव ने कहा कि हमेशा चुनाव के वक्त अन्य पार्टी राजनीतिक कार्यकर्ता एवं नेता शामिल होते हैं और चुनाव के बाद संगठन को हमेशा तोड़ने का काम करते हैं। अम्बिका सिंह ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की शीर्ष नेतृत्व बरही विधानसभा मे स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को तरजीह नहीं देती है। जिसका परिणाम है की पार्टी को हार का सामना करना पड़ता है। चर्चा पर सभी लोगों मे आम राय बनी कि अगला विधानसभा चुनाव किसी स्थानीय उम्मीदवार को होना जरूरी है। अब तक बाहरी उम्मीदवार सिर्फ सत्ता प्राप्त कर नीजी स्वार्थ के लिए स्थानीय लोगों को ठगने का काम किया है।अब स्थानीय लोग भी इन सबों के चाल चरित्र से उब चुके हैं। वर्तमान समय मे स्थानीय लोग बदलाव देखना चाहते हैं। अब देखना यह है आने वाले समय मे स्थानीय लोग परिवर्तन करते हैं या नहीं। स्थानीय लोग भी बदलाव देखना चाहते हैं। उप. स्थित लोगों ने शीर्ष नेतृत्व से बरही विधानसभा के लिए स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाने की मांग की। बैठक में बरही पूर्वी सांसद प्रतिनिधि डोमन पाण्डेय,बरही पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव , वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह, वरिष्ठ नेता भुनेश्वर यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गिरि, लक्ष्मी सिंह, कोल्हुआ कला पंचायत समिति सदस्य प्रभु यादव, प्रमोद यादव आदि लोग मौजूद थे।

भाजपा नेता प्रमोद यादव ने कल भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का खबर का खंडन करते हुए कहा की बरही पटना रोड में स्थित होटल उज्जैना में भाजपा नेताओं की जो बैठक का खबर कल संध्या अखबार में प्रकाशित हुई थी। इस खबर से मैं बिल्कुल अंजान हूं। मुझे वहां पर बैठे लोगो ने चाय पीने के लिए बुलाया। चाय पीने के बाद मैं काफी देर तक बैठा लेकिन वहां कोई राजनीतिक विषय पर चर्चा नही हो रही थी। कल संध्या अखबारों में मेरा नाम लिखा इस खबर से मुझे कोई सरोकार नहीं है।

# जल स्तर घटने से बरही तेली टोला एवं धोबी टोला में गंभीर पेयजल संकट, खरीद कर पीना पड़ रहा है पानी

## 250 फिट गहरा बोरिंग करने के बाद भी नही निकल रहा है पानी, भूगर्भ विभाग से जांच की मांग

पेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



अमित साहू



खराब पड़ा चापानल

बरही चौक से मात्र 300 मीटर की दूरी पर बसा तेली टोला एवं धोबी टोला के लोग गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पिछले 3 सालों से इन दोनो टोले में जल स्तर इतना नीचे चला गया है की सारे कुएं सूख गए हैं एवं चांपानल से पानी निकलना बंद हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले 3 सालों से यह स्थिति बनी हुई है ।भाजपा के पश्चिमी मंडल अध्यक्ष एवं तेली टोला निवासी अमित साहू ने बताया कि बरसात में ही केवल जल स्तर ठीक रहता है। इस समय कुंवा एवं चापानल में पानी रहता है। लेकिन जैसे ही गर्मी का समय आता है वैसे ही जल स्तर काफी नीचे चला जाता है। वर्तमान समय मे अपेक्षित बारिस नही होने के वजह से इस बार भी गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। 30 घरों के लगभग 150 की आबादी गंभीर पेयजल संकट से जूझ रही है। तेली टोला निवासी कैलाश साव ने बताया कि कई लोगों ने पानी के लियेब 200 से भी अधिक फीट की बोरिंग की। इसके बाद भी पानी नहीं निकल पाया। हैरत की बात है कि तेली टोला एवं धोबी टोला को छोड़कर अन्य आसपास के क्षेत्र में पानी कर लेयार ठीक है । लेकिन इन दोनों टोला में पानी की स्थिति बहुत ही खराब हो गई है। जिसके कारण इन दोनों टोला लोग पानी भी खरीद के पी रहे हैं । प्रतिदिन प्रत्येक घर में पानी जार के माध्यम से खरीद कर उसे उपयोग में लाया जाता है। गरीब लोग आधा किमी दूर स्थित चापानल से पानी लाने को मजबूर हैं। स्थानीय स्तर और पानी की व्यवस्था नही होने से पंचायत प्रति. निधियों के प्रति गहरा गुस्सा है। आरोप है कि इनके द्वारा पेयजल संकट समस्या का समाधान के लिए कोई प्रयास नही किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस टोले में 3 चापानल है । इसमें 2 चापानल काफी दिनों से खराब है। ग्रामीण प्रमोद साव, स्यामलाल साव, मनोज साव, कैलाश साव महेश साव, सुरेश साव, होरिल साव, बाली साव, प्रभु साव, प्रकाश सब, रवि कुमार, विजय साव, विनय साव, रोहित कुमार आदि लोगों ने भूगर्भ विभाग से जल स्तर की जांच की मांग की है। साथ ही पेयजल समस्या का समाधान

APEM LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन बरही प्रखंड इकाई धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली रवाना

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



दिल्ली रवाना होते बरही के डीलर संघ के लोग

फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में नौ सुत्री मांग को लेकर 2 अगस्त को दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बरही डीलर संघ अध्यक्ष डोमन पाण्डेय के नेतृत्व में बरही से सड़क मार्ग बस से दिल्ली के लिए रवाना हुए। डोमन पांडेय ने बताया कि नौ सूत्री मांग के समर्थन में हमलोग दिल्ली जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों में बरही प्रखंड से डोमन पाण्डेय, गणेश साहू, संजय कुमार, सुखदेव साहू, छोटेलाल राम, नंदकिशोर कुमार, केदार यादव ,लखन राम, सीताराम कुमार ,दशरथ रजक, चंद्रदेव रविदास ,मनोज कुमार, बिद्या देवी ,प्रदीप कुमार, केदार यादव ,प्रदीप यादव ,रानी खातुन, चांदो देवी ,रीता मुर्मू, सीताराम हंसदा ,निशांत कुमार, जहूर अंसारी ,किशोरी प्रसाद, इत्यादि डीलर शामिल थे।।

## बरही से कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बरही से देवघर रवाना होते कांवरियों का जत्था

बरही से लगातार कांवरियों का जत्था प्रतिदिन देवघर के लिए रवाना हो रहा है। इसी कड़ी में रविवार को 12 सदस्यीय कांवरियों का जत्था बरही से सुल्तान गंज के लिए रवाना हुआ। जत्था का नेतृत्व पवन मंडल ने किया। सभी भगवती मंदिर एवं गया रोड स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर देवघर बाबा वैद्यनाथ के लिए रवाना हुए। पवन मंडल ने बताया कि 12 सदस्यीय जत्था पहले सुल्तानगंज पहुंचकर जल उठाएगा। उसके बाद पैदल चलकर देवघर में बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग में जल चढ़ाया जाएगा। कहा उनकी जत्था हर साल बाबा का दर्शन के लिए पहुंचता है। जत्था में पवन मंडल, बबलू साहू, भोला निषाद, आकाश साहनी, टिंकू साहू, सुरेंद्र कुमार, राजेश साहू, छोटू, मोनू राणा, सूरज साहू, ईश्वर साहू, निक्की चन्द्रवंशी शामिल थे।

## प्रेस क्लब हजारीबाग कार्यकारिणी की पहली बैठक में सर्वसम्मति से कई निर्णय

### विभिन्न समितियों के गठन पर विमर्श, 15 अगस्त को झंडोत्तोलन का निर्णय

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




हजारीबाग। चुनाव परिणाम के बाद प्रेस क्लब हजारीबाग नई कार्यकारिणी (सत्र 2022-24) की पहली बेठक 31 जुलाई को परिसदन के पुराने भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रेस क्लब हजारीबाग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश प्रताप ने की। सचिव मिथिलेश मिश्र ने कार्यसमिति से जुड़े सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को चुनाव में जीत की बधाई देते हुए बैठक में उनलोगों का स्वागत किया। फिर उन्होंने विभिन्न 12 एजेंडों पर विमर्श के लिए सभी को अवगत कराया। उसके बाद सभी मुद्दों पर प्रेस क्लब हजारीबाग कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विचार-विमर्श किया। अध्यक्षीय भाषण में उमेश प्रताप ने कहा कि संगठन को धारदार बनाने के लिए ईमानदारी, समर्पित भाव और आपसी समन्वय व सहभागिता से सामाजिक दायित्वों और पत्रकार हित से जुड़ी हुई समस्याओं का निर्वहन करना जरूरी है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रेस क्लब हजारीबाग के नाम से बैंक खाता खुलवाने, आ. जादी के अमृत महोत्सव के तहत 15 अगस्त को झंडोत्तोलन करने, सदस्यता अभियान चलाने, प्रखंडों में चुनाव कराकर कमेटी गठित करने आदि का निर्णय लिया गया। वहीं संरक्षक मंडली, अनुशासन समिति, कानूनी सलाहकार समिति, मीडिया सेल, कार्यकारिणी में तीन सदस्यों का मनोनयन, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य, खेलकूद आदि समिति के गठन का निर्णय लिया गया। वहीं कार्यालय प्रभारी के नाम पर भी विचार किया गया। इसके अलावा जिलेभर के पत्रकारों के हितों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सभी लोगों ने अपने-अपने सुझाव और सलाह भी दिए। बैठक में उपाध्यक्ष उमेश राणा, अभय सिंह, संयुक्त सचिव नवीन कुमार सिन्हा, देवनारायण प्रसाद, कोषाध्यक्ष अमरनाथ पाठक, कार्यकारिणी सदस्य अमूल्यचंद पांडेय, बबलू कुमार, निरंजन कुमार, शमीम अहमद और प्रमोद खंडेलवाल उपस्थित थे।

**प्रेस क्लब हजारीबाग ने राज्य सरकार को दी बधाई और आंदोलन की चेतावनी**

प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने पत्रकार स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा 2021 को मंजूरी दिए जाने पर राज्य सरकार को बधाई दी और आभार जताया। साथ ही कहा कि सरकार जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करे, अन्यथा प्रेस क्लब हजारीबाग आंदोलन की रूपरेखा तय करेगा।






सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सरदार उधम सिंह जी के बलिदान दिवस पर सूरज दास के कलम से



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




उधम सिंह का जन्म 26 दिसम्बर 1899 को पंजाब प्रांत के संगरूर जिले के सुनाम गाँव में एक जाटव परिवार में हुआ था। सन 1901 में उधमसिंह की माता और 1907 में उनके पिता का निधन हो गया। इस घटना के चलते उन्हें अपने बड़े भाई के साथ अमृतसर के एक अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। उधमसिंह के बचपन का नाम शेर सिंह जाटव और उनके भाई का नाम मुक्तासिंह था, जिन्हें अनाथालय में क्रमशरू उधमसिंह और साधुसिंह के रूप में नए नाम मिले। इतिहासकार मालती मलिक के अनुसार उधमसिंह देश में सर्वधर्म समभाव के प्रतीक थे और इसीलिए उन्होंने अपना नाम बदलकर श्राम मोहम्मद सिंह आजादश रख लिया था जो भारत के तीन प्रमुख धर्मो का प्रतीक है। {राम- हिंदू, मोहम्मद- मुस्लिम, सिंह-सिख}। अनाथालय में उधमसिंह की जिंदगी चल ही रही थी कि 1917 में उनके बड़े भाई का भी देहांत हो गया। वह पूरी तरह अनाथ हो गए। 1919 में उन्होंने अनाथालय छोड़ दिया और क्रांतिकारियों के साथ मिलकर आजादी की लड़ाई में शमिल हो गए। उधम. सिंह अनाथ हो गए थे परंतु इसके बावजूद वह विचलित नहीं हुए और देश की आजादी तथा जनरल डायर को लंदन मै तीन गोली मारकर अपने आपको अंग्रेजो के हवाले कर दिया जिसके बाद अंग्रेजो ने उन्हें फांसी लगा दी फांसी चढ़ते हुए इन्होंने कहा कि हाथ जिनमे हो जुनून कटते नहीं तलवार से सर वो जो उठजाते है झुकते नही ललकार से और भड़के गा वो सोला जो हमारे दिल मै है सर फरोसी की तमन्ना अब हमारे दिल मै है। उधमसिंह 13 अप्रैल 1919 को घटित जालियाँवाला बाग नरसंहार के प्रत्यक्षदर्शी थे। राजनी. तिक कारणों से जलियाँवाला बाग में मारे गए लोगों की सही संख्या कभी सामने नहीं आ पाई। इस घटना से वीर उधम. सिंह तिलमिला गए और उन्होंने जलियाँवाला बाग की मिट्टी हाथ में लेकर माइकल ओश्डायर को सबक सिखाने की प्रतिज्ञा ले ली। अपने इस ध्येय को अंजाम देने के लिए उधम सिंह ने विभिन्न नामों से अफ्रीका, नैरोबी, ब्राजील और अमेरिका की यात्रा की। सन् 1934 में उधम सिंह लंदन पहुँचे। भारत के यह वीर क्रांतिक. ारी, माइकल ओश्डायर को ठिकाने लगाने के लिए उचित वक्त का इंतजार करने लगे। उधम सिंह को अपने सैकड़ों भाई-बहनों की मौत का बदला लेने का मौका 1940 में मिला। जलियांवाला बाग हत्याकांड के 21 साल बाद 13 मार्च 1940 को रायल सेंट्रल एशियन सोसायटी की लंदन के काक्सटन हाल में बैठक थी जहां माइकल ओश्डायर भी वक्ताओं में से एक था। उधम सिंह उस दिन समय से ही बैठक स्थल पर पहुँच गए। अपनी रिवॉल्वर उन्होंने एक मोटी किताब में छिपा ली। इसके लिए उन्होंने किताब के पृष्ठों को रिवoल्वर के आकार में उस तरह से काट लिया था, जिससे डायर की जान लेने वाला हथियार आसानी से छिपाया जा सके। बैठक के बाद दीवार के पीछे से मोर्चा संभालते हुए उधम सिंह ने माइकल ओश्डायर पर गोलियां दाग दीं। दो गोलियां माइकल ओश्डायर को लगीं जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। उधम सिंह ने वहां से भागने की कोशिश नहीं की और अपनी गिरफ्तारी दे दी। उन पर मुकदमा चला। 4 जून 1940 को उधम सिंह को हत्या का दोषी ठहराया गया और 31 जुलाई 1940 को उन्हें पेंटनविले जेल में फांसी दे दी गई।यह भारत का सबसे बड़ा आंदोलन था।

## बरही प्रखंड अंतर्गत करसो पंचायत के हज़ारो लोगों ने थामा तिलेश्वर साहू सेना का हाथ

### स्व. तिलेश्वर साहू के अधूरे सपनो को पूरा करना हमारी पहली प्राथमिकता : अरुण साहू





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत उज्जैना स्थित स्व तिलेश्वर साहू के आवास पर पंचायत स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में करसो पंचायत के ग्रामीणों तथा कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में शिरकत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह तिलेश्वर साहू सेना के अध्यक्ष अरुण साहू उपस्थित रहें । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश दास और प्रभु भुईया एवं संचालन विष्णुधारी महतो और संतोष रजवार ने किया. कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अरुण साहू के समक्ष बिजली, सड़क, पानी, रोजगार जैसी मूलभूत समस्याओं को रखा. इस दौरान अरुण साहू ने लोगों की समस्याएं सुनी और उसके निराकरण का आश्वासन दिया. श्री साहू ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा की पिता जी के हर अधूरे सपने को पूरा करना हमारी पहली प्रथमिकता है, यहाँ वर्षो से विकाश को दरकिनार कर सिर्फ जातिवाद, परिवाद और हत्या की राजनीति की जा रहीं है। आजादी के दशकों बाद भी करसो पंचायत की जनता बिजली, सड़क और पानी जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है. कार्यक्रम के दौरान करसो पंचायत से हजारों की संख्या में आये लोगों ने तिलेश्वर साहू सेना की सदस्यता ग्रहण किया एवं संगठन विस्तार करते हुए बरही प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष जमीरउद्दीन अंसारी को बनाया गया. उपस्थित लोगों ने कहा कि आज अरुण साहू द्वारा पिता के बताए गए रास्तों और आदर्शो पर चलने एवं उनके कार्यो से प्रभावित होकर तिलेश्वर साहू साल सेना की सदस्यता को ग्रहण किया है। मौके पर इंदु भुईया, तिलक भुईया, बोबी तुरी, प्रकाश तुरी, छबी भुईया, राजू भुईया, सोहन भुईया, रोहन दास, दीपक तुरी, मुरारी तुरी, रंजीत राम, पंकज राम, राजेन्द्र दास, छोटी राम, भोली पासवान, संतोष कुशवाहा, बब्लू साहू, गोविंद मेहता, गौतम चंद्रवंशी, करण ओझा उर्फ कारू, मनोज पासवान, जिम्बू रजवार, यशोदा देवी, उषा देवी, बसंती देवी,गीता देवी, मनीता देवी, पूनम देवी मिना देवी, सहोदरी देवी, नीतू देवी सहित सैकड़ों अन्य महिलाएं मौजूद थी।

## पचंबा थाना सभागार में मुहर्रम अखाड़ा कमिटी के साथ बैठक सम्पन्न





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज रविवार 31जुलाई 2022को पचम्बा थाना सभागार में पचंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत आनेवाले मुहर्रम अखाड़ा कमिटी के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में आगामी मुहर्रम त्यौहार को लेकर डीएसपी संजय कुमार राणा ने अपने संबोधन में कहा कि मुहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं पुलिस प्रशासन आप सभी के साथ है। सभी अखाड़ा कमिटी अपने अपने ला. इसेंस को रेनवल करवा ले। खतरनाक खेल से परहेज करें। शांतिव्यवस्था में जिला प्रशासन का सहयोग करें। आज के इस बैठक को पचंबा थाना प्रभारी सौरभ राज, तेलोडिह मुखिया शब्बीर आलम, करहरबारी मुखिया मुमताज अंसारी ने संबोधित किया और सभी वक्ताओं ने आपसी भाइचारे को कायम रखते हुए त्यौहार मनाने की बात कही। आज के इस बैठक में पचंबा थाना क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में अभिभावक गोष्ठी का किया गया आयोजन





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धामना पंचायत में संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में शिशु ज्ञान समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में विद्यालय संगठन, नए शिक्षक सहित अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी त्रिमासिक परीक्षा सह स्वतंत्रता दिवस, गत वर्ष में उपलब्ध मैट्रिक परीक्षा परिणामों के प्रति आभार व्यक्त, कोविड-19 के पश्चात पुनः विद्यालय संचालन हेतु नवीन विचार विमर्श, शिक्षक छात्र के प्रति समन्वय विचार भावनाओं को उत्पन्न करना इत्यादि निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई । इस बैठक में शामिल अभिभावकों में से भिखारी साव ने संबोधित करते उन्होंने स्कूल की उपलब्धि को सराहा और बेहतर कैसे हो ट्रिक बताए। अभिभावकों में आरती देवी,बालेश्वर यादव, अनिल कुमार बसंती देवी, बबलू ,पंकज कुमार, संगीता देवी, रूबी देवी, आरती देवी इत्यादि सहित सैकड़ों उपस्थित हुए। बैठक में विद्यालय के निदेशक टुकलाल साहू ने नए सत्र में स्मार्ट क्लासेज की सुविधा का प्रारंभ और छोटे-छोटे बच्चों के लिए उनके स्तर का टी एल एम की व्यवस्था आदि क्षेत्रों पर प्रकाश डाला । विद्यालय के प्राचार्य नीतीश कुमार ने सभी अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए वर्तमान में विद्यालय द्वारा जो सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है उसके बारे में विस. तार पूर्वक से बताया गया । उन्होंने बताया कि विगत 7 वर्षो से ग्रामीण इलाके में शत-प्रतिशत आठवीं और दसवीं बोर्ड में परिणाम देने वाला मात्र एक विद्यालय सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल है और अपने पोषक क्षेत्र अर्थात जिंदगी और रसोईया धमना के समस्त पंचायत वासियों को अपने बच्चों को दसवीं तक का गुणात्मक शिक्षा ग्रहण करने के लिए नामांकन के लिए प्रेरित किया। इस बैठक को सफल बनाने में विद्यालय प्राचार्य नितेश कुमार, विद्यालय निदेशक टूकलाल साव, विद्यालय सलाहकार राजेंद्र प्रसाद, शिक्षक अजय कुमार, नरेश कुमार, मोहम्मद दाऊद, अमरप्रक. ाश रवि, अरुण कुमार, शिक्षिका विभा शर्मा, शीला कुमारी, सरिता कुमारी, कल्पना कुमारी, डिंपल कुमारी, कोमल कुमारी, सविता कुमारी, प्रियंका कुमारी इत्यादि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया!







सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भगहर पहुँचे मंत्री जगरनाथ महतो, अवैध महुवा शराब भठ्ठी कराया नष्ट, एक गिरफ्तार





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**

झारखण्ड राज्य के शिक्षा सह मद एवं निषेद मंत्री जगरनाथ महतो अपने समर्थकों संग चौपारण पहुँचे। बरही विधायक विधायक उमाशंकर अकेला यादव के आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिलकर भगहर के लिए निकले। उत्पाद विभाग की टीम के साथ भगहर पहुँचे मंत्री जी ने भगहर पंचायत में संचालित अवैध महुवा शराब के भठ्ठी को नष्ट करवाया। मंत्री के साथ एक्ससाइज कमिश्नर संजय मिश्रा, बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, बरही डीएसपी नाजीर अख्तर सहित वन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यवाई के दौरान उत्पाद विभाग ने परसतरी निवासी मुन्नीलाल यादव को अवैध भठ्टी संचालन के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान भगहर के भिन्न क्षेत्रो में संचालित अवैध महुवा शराब के दर्जनों भठ्ठियों को ध्वस्त किया गया। एक पक्षीय कार्यवाई पर करने के मामले में मंत्री ने कहा कि कोई नही बचेगा सब पर होगा कार्यवाई। अवैध भठ्टी संच. ालन मामले में मो तौसीर असलम, भोला यादव, राजकुमार चौधरी, सुभाष कुमार, ओम विश्वकर्मा व मुनिलाल यादव पर मामला दर्ज किया गया।

**मुन्नी लाल यादव की गिरफ्तारी साजिश है, झूठा आरोप लगाकर पडका गया : पहलवान**

मंत्री के उपस्थिति में उत्पाद विभाग द्वारा शराब भठ्टी के संचालन के आरोप में पकड़े गए मुन्नी लाल यादव के गिरफ्तारी पर सवाल खड़ा करते हुए मुखिया प्रतिनिधि भुनेश्वर यादव उर्फ पहलवान ने कहा कि साजिश के तहत मुन्नी लाल को गिरफ्तार किया गया। कहा जिसका भठ्टी संचालित है ओ साथ मे घूम रहा है जिसका नही है उसको गिरफ्तार किया गया। राजनीति का शिकार हुवा है मुन्नीलाल यादव।

**भगहर को शराब मुक्त करने के लिए नियमित अभियान चलाकर करें कार्यवाई : मंत्री**

मंत्री ने कहा कि नियमित मुझे सूचना मिलते रहता था कि भगहर में अवैध शराब का अड्डा बना हुवा है। शिकायत के बाद आप हम भगहर आये हुए है। मंत्री ने उपस्थित एक्स. साइज कमिश्नर, बरही डीएसपी नाजीर अख्तर व वन विभाग के पदाधिक. ारियों को निर्देश दिया की भगहर को शराब मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाए व शराब भठ्टी को नष्ट करे।

## रोशन कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के खिरोधर एवं सत्यम बीएसएफ कॉन्स्टेबल दौड़ में हुए सफल, निदेशक राकेश रोशन ने दी शुभकामनाएं

### दौड़ में खिरोधर ने 7वां एवं सत्यम ने 12वां स्थान प्राप्त किया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग रोड पानी टंकी के समीप स्थित रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के दो छात्र खिरोधर यादव एवं सत्यम कुमार ने बीएसएफ कॉन्स्टेबल भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। बीएसएफ के द्वारा कुल 2788 पदों के लिए वेकैंसी निकली गयी थी। भर्ती प्रक्रिया के अनुसार पहले प्रक्रिया में 5 किलोमीटर का दौड़ होना था, जिसे 24 मिनट के अंदर पूरा करना था। प्रत्येक राउंड में 200 प्रतिभागियों को दौड़ना था। इसी दौड़ प्रक्रिया में खिरोधर ने मात्र 19 मिनट में अपना दौड़ पूरा किया और 7वां स्थान प्राप्त किया एवं सत्यम ने 19.32 मिनट में अपना दौड़ पूरा कर 12वां स्थान प्राप्त किया। दौड़ के बाद लिखित परीक्षा एवं शारीरिक जांच होना है। इस विषय पर संस्थान के निदेशक राकेश रोशन ने शुभकामनाएं देते हुए कहा ही यह संस्थान कंप्यूटर में बेहतर शिक्षा देने के बाद कंपीटिशन क्लासेस के लिए भी अग्रसर है। उन्होंने बरही वासियों को भरोसा



खिरोधर



सत्यम

दिलाते हुए कहा कि आने वाले दिनों में और भी प्रतिभागियों को उनके लक्ष्य हासिल कराने में यह संस्थान मददगार साबित होगी। क०म्पिटिशन डिपार्टमेंट हेड अंकित कुमार ने बताया कि मैंने कई प्रतियोगिता परीक्षाओं में भाग लिया है। उन परीक्षाओं के अनुभवों के आधार पर ही अपने बच्चों को सींचने का काम कर रहा हूँ। आगे भी यह सफर जारी रहेगा। साथ ही कहा कि प्रत्येक स्टूडेंट्स को समय के साथ धैर्य, साहस और हिम्मत के साथ लगन करते रहने की जरूत है। उन्होंने जनकारी देते हुए बताया कि यहां रेलवे, एसएससी, दरोगा, आर्मी, बैंकिंग एवं सभी प्रकार की सरकारी नौकरी की तैयारी कराई जाती है। अभी झारखंड क्लर्क, झारखंड सचिवालय, झारखंड दरोगा, की स्पेशल बैच चलायी जा रही है, जिसमे सभी विषय के साथ साथ खोरठा और झारखंड सामान्य ज्ञान की विशेष तैयारी कराई जा रही है। साथ ही साप्ताहिक टेस्ट का भी आयोजन किया जाता है। इसके अलावा इंग्लिश स्पोकेन की क्लासेस जारी है।

## अग्रवाल समाज गिरिडीह ने निःशुल्क चिकित्सा जाच का किया आयोजन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला अन्तर्गत अहिल्यापुर में आज रविवार 31जुलाई 2022को अग्रवाल समाज गिरिडीह ने निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया। निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर में डॉक्टर नीरज कुमार (जेनरल फिजिशियन),डॉक्टर प्रभात अग्रवाल (डेन्टल सर्जन), ड०क्टर अनिता सिन्हा (स्त्री रोग विशेषज्ञ) द्वारा निःशुल्क सेवा प्रदान किया गया और निःशुल्क दवाइयां दी गई। निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का विधिवत उद्घाटन गांडेय प्रखंड प्रमुख कारू पाठक एवं प्रोफेसर गणेश प्रसाद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में आस पास के लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। लोगो ने अग्रवल समाज द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का दिल की गहराइयों से प्रशांसा की और धन्यवाद दिया। आज के इस निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर को सफल बनाने में अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, सचिव सुधीर कुमार, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रसाद अग्रवाल, मंत्री राजेश अग्रवाल, अनिल राम अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, कृष्णनंदन अग्रवाल, चंदन अग्रवाल, इंद्रजीत अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, संजय अग्रवाल (शिक्षक), भरत अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, मनीलाल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, नकुल अग्रवाल, रामजी मोदी, हूरो मोदी सहित दर्जनाधिक अग्रवाल समाज के गणमान्य और प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## बच्चों के अधिकार व हक के लिए कल से आमरण अनशन पर बैठेंगे : पप्पू यादव

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : बच्चों के बीच एमडीएम राशि वितरण में अनियमितता बरतने की बात आजकल शुर्खियों में है। इसी बीच पिहरा पूर्वी पंचायत निवासी युवा समाजसेवी असित रंजन उर्फ पप्पू यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि कल यानी एक अगस्त से मैं कई समाजसेवियों के साथ मिलकर बच्चों के अधिकार और हक के लिए आमरण अनशन पर बैठने जा रहा हूं। बता दे कि पप्पू यादव ने विगत सोमवार को ही पिहरा संकुल के सीआरपी को आवेदन देकर पिहरा पूर्वी के विद्यालयों में सचिवों के मनमानी से एमडीएम के पैसे नहीं वितरण करने का आरोप लगाया है। उक्त संबंध में उन्होंने बताया कि पंचायत के कई विद्यालयों में अभी तक एमडीएम का पैसे का वितरण नही हुआ है जो घोटाले का संकेत देता है। साथ ही अगर किसी किसी विद्यालय में वितरण किया भी गया है तो भारी अनियमितता देखी गयी है। उन्होंने आवेदन में आगामी 31 जुलाई तक सभी बच्चो के बीच एमडीएम के पैसे वितरण करने का अपील किया था। उन्होंने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विद्यालयों में 31 जुलाई तक पैसे का वितरण नही हुआ तो आगामी 01 अगस्त से वह सीआरपी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगे जो कल से प्रारम्भ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बच्चों के अधिकार का हनन समेत कई ज्वलंत मुद्दे अभी भी है जिसे एक एक कर उजागर किया जाएगा और बच्चों को शोषित होने से बचाया जाएगा।






दिनांक: 31-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस में सम्मान समारोह का आयोजन

### विज्ञान संकाय में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित




उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को सम्मानित करते संस्थान के डायरेक्टर



सम्मान समारोह में मौजूद विद्यार्थी

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

ग्रेट इंडियन इंस्टीव्यूट ऑफ साइंस में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत अतिथियों में द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसमें इंटरमीडिएट विज्ञान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्र०फी, मेडल तथा स्क०लरशिप देकर किया गया। सम्मानित होने वालों में रंजीत कुमार महतो 93% जो +2 हाई स्कूल विष्णुगढ़ के सेकंड टॉपर, सागर कुमार राम 91.8% +2 हाई स्कूल के थर्ड ट०पर, ज्योति कुमारी 91:, राहुल पासवान 439, किरण कुमारी 438, ममता कुमारी 437, रणजीत कुमार महतो 436, पिंकी कुमारी 435, उमाशंकर महतो 433, आशीष कुमार 430, सोनम कुमारी 429, राहुल कुमार महतो 420, शालिनी कुमारी 420, मोहित कुमार 414, रौनक कुमार 410, रेखा कुमारी 410, ऋतिक कुमार 410, तुलेश्वर कुमार 398, आरती कुमारी 392, गायत्री कुमारी 393, राखी कुमारी 385, अनु कुमारी 382, अंकिता राज पटेल 378, विशाल 373, स्वेता कुमारी 353, अंजली कुमारी 352, कुसुम कुमारी 335, विजय कुमार 330, अंजू कुमारी 310, कविता 303, काजल कुमारी, ममता कुमारी, सोनाली कुमारी, आंचल कुमारी, साक्षी कुमारी, आरती कुमारी, सबिता कुमारी, सुभाष कुमार, अशोक कुमार, मनीषा कुमारी, रोशनी कुमारी, सुमित्रा हेम्ब्रेम, मनीष कुमार आदि शामिल थे। संस्थान के फाउंडर सह डायरेक्टर सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षा सफलता के द्वार खोलती है। इसके बिना उन्नति असंभव है। संस्थान में बेहतर शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने का भी कार्य किया जाता है। अतिथि प्रतिभा विकास मंच के केंद्रीय अध्यक्ष महेंद्र कुमार ने कहा कि ग्रेट इंडियन इंस्टीव्यूट ऑफ साइंस बिष्णुगढ़ में साइंस की पढ़ाई का सर्वश्रेष्ठ इंस्टिट्यूट है। जहां पर बच्चों का अच्छी गाइडेंस दी जाती है। तभी प्रत्येक साल यहां के बच्चों का रिजल्ट बेहतर होता है। आरआईटी क०लेज कोडरमा के मैनेजर अमित कुमार ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए शिक्षा का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होता है। बिना शिक्षा के सफल आदमी बनाना असंभव है। ग्रेट इंडियन इंस्टीव्यूट ऑफ साइंस के डायरेक्टर एवं फाउंडर प्रदीप कुमार महतो ने कहा कि संस्थान में मे. धावी व अनाथ बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाती है। इस मौके पर शिक्षक अखिलेश महतो, चंद्रदेव कुमार, राजेश महतो, संजय कुमार, सिकंदर अली, विवेक कुमार, महेश महतो, गुलाम इश्तियाक अंसारी आदि मौजूद थे।

## विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करना ही लक्ष्य- अम्बा प्रसाद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



संबोधित करती विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र बादम पंचायत के विभिन्न ग्रामों में विधायक अंबा का चौपाल लगाद्य बादम पंचायत के दौरे के दौरान विधायक अम्बा प्रसाद ने ग्राम बाबूपारा, राउतपारा एवं उर्दू कन्या मध्य विद्यालय बादम मे चौपाल के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनी एवं उनका समाधान किया द्य इस दौरान विभिन्न स्थानों पर विधायक अंबा प्रसाद का महिलाओं ने गाजे बाजे के साथ फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत कियाद्य विधायक ने उक्त तीनों ग्रामों में बैठक कर सभी लोगों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना। ग्रामीणों ने बदमाही नदी, रावतपारा नदी पर पुल निर्माण, सामुदायिक भवन का सुंदरीकरण, नाली, पेयजल, पीसीसी, शमशान सेड इत्यादि को लेकर विधायक के समक्ष प्रस्ताव रखा। इन प्रस्तावों को योजना के रूप में लेते हुए विधायक ने अनुशंसा की और कहा की शीघ्र इन योजनाओं पर काम शुरू कराने का काम करूँगी। विधायक ने ग्रामीणों की सभी माँगों और समस्याओं को ध्यान से सुना और तत्काल निदान होने वाली समस्याओं का स्थल पर ही अधिकारियों से बात करके समाधान किया और अन्य को जल्द पूरा कराने के लिए नोट का आश्वासन दिया ।मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश महतो, पंचायत अध्यक्ष त्रिलोकी साव, शेख अब्दुल्लाह, अब्दुल्लाह, जमाल सागिर समेत भारी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## सरगम स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले को सम्मानित किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




टॉपर को सम्मानित करते शिक्षक

बड़कागांव : न्यू किसान मेडिकल हॉल के बगल में स्थित सरगम इंटरनेशनल स्कूल, बड़कागांव के दसवीं के बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड के फाइनल परीक्षा में शत-प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त। सफलता प्राप्त करने पर प्रोत्साहन राशि वितरण कर बच्चों को सम्मानित किया गया ।जिसमें बड़कागांव ट०पर हुजैफा ईमान( 98:) को 5000 , शुभम पांडे( 95:) को 3000/ , सोनू कुमार ( 94%) को 2000/ एवं ,सागर कुमार को (92%) को 1000/ विद्यालय परिवार की ओर से प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से विद्यालय के निदेशक , राजेश कुमार सोनी,विद्यालय के प्रबंधक अध्यक्ष- राजदेव दांगी, उपाध्यक्ष- सरोज कुमार सोनी, सचिव- शंकर कुमार, उप सचिव- शंकर कुमार दास ,कोषाध्यक्ष - विनोद कुमार साव, ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की

## भाजपा नेत्री पूनम साहू के प्रयास से ग्राम - महुगाई कला के ग्रामीणों को मिला ट्रांसफार्मर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करती पूनम साहू

बड़कागांव : प्रखंड के महूगाई कला में कुछ दिनों पूर्व ट्रांसफार्मर जल जाने की सूचना ग्रामीणों ने भाजपा नेत्री सह सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू को दी । भाजपा नेत्री पूनम साहू ने मामले को संज्ञान मे लेते हुए बिजली विभाग के सहयोग से महूगाई कला के ग्रामीणों को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर का उपलब्ध कराया । जिसका विधिवत उद्घाटन फीता काट पूनम साहू ने किया । उक्त कार्य के लिए ग्रामीणों ने भाजपा नेत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके सुमन गिरी,पिंटू शर्मा दीपक साव,भीमलाला साव,मनोज साव, लालो साव, कोल्हा राणा, बुधन साव, अखिलेश चौधरी, बेनी साव, खिरोधर साव, गोपाल साव, कामेश्वर साव,कुलीप ठाकुर के अलावा कई लोग उपस्थित थे।




## चाणक्य अकैडमी के द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत एवं समाज उत्थान संवाद कार्यक्रम का आयोजन





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव के गुरुदयाल महतो बालिका उच्च विद्यालय सभागार भवन में चाणक्य अकैडमी के तत्वाधान में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत सह समाज उत्थान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मोहन कुमार एवं संचालन विपिन कुमार और मुजफ्फर हुसैन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि चाणक्य आईएएस अकैडमी के झारखंड प्रभारी विनय मिश्रा एवं मैनेजिंग डायरेक्टर रीमा मिश्रा तथा उपस्थित नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया ।मौके पर विनय मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए प०लीटिकल लोगों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। चाणक्य आईएएस अकैडमी 1993 में अपनी पहचान की शुरुआत की थी ।अब तक की 29 वर्षो में लगभग 5000 लोग अकैडमी में पढ़ाई कर आईएएस व बड़े अधिकारी बन अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पूरे देश में चाणक्य आईएएस एकेडमी के 24 केंद्र संचालित हैं। वही मैनेजिंग डायरेक्टर रीमा मिश्रा ने कहा कि बड़कागांव हमारा कर्म भूमि है। बड़कागांव से चाणक्य अकैडमी से अब तक 18 लोगों को जेपीएससी की परीक्षा में सफलता दिलाई है । संस्थान का प्रयास है कि हमेशा बड़कागांव से जेपीएससी परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करें। वही चेपा कला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया एवं विनय मिश्रा से कहा कि बड़कागांव में पुस्. तकालय भवन बने हुए लगभग 10 वर्ष हो चुके हैं परंतु अब तक शुभारंभ नहीं हुआ है कृपया इसे शुरू करवाने का प्रयास करें ताकि यहां के बच्चों एवं शिक्षाविद लोगों को लाभ मिल सके। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से चाणक्य अकैडमी झारखंड प्रभारी विनय मिश्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर रीमा मिश्रा ,पॉलिटिकल स्कैनर के लेखक संचालक विपिन कुमार, मुजफ्फर हुसैन, रामचरित्र प्रसाद, मोहन कुमार, प्रमुख फुलवा देवी ,उप प्रमुख वचन देव कुमार, पूर्वी जिप सदस्य गीता देवी, मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, रितेश ठाकुर, रंजीत चौबे ,मुखिया पूजा कुमारी ,अनिकेत नायक, अजीत कुमार ,म०डर्न पब्लिक हाई स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद शमीम, सुभाष कुमार, सुरेश कुमार, प्रकाश कुमार, मुखिया पूजा कुमारी ,चंदन कुमार पूरी , हेमंत भुइया, राजकुमार साहू, रंजीत कुमार, के अलावा पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं अन्य प्रबुध शिक्षाविद लोग उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जिलाध्यक्ष पूरन महतो की अध्यक्षता में कुशवाहा संघ गिरिडीह की आवश्यक बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह कुशवाहा संघ जिला कार्यकारिणी की एक बहुत ही अहम बैठक रविवार 31जुलाई 2022को कुशवाहा संघ के जिलाध्यक्ष पूरन महतो की अध्यक्षता में कुशवाहा छात्रावास सिहोडीह गिरिडीह में संपन्न हुई।आज के इस महत्वपूर्ण बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई कोरोना महामारी को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के कारण लगातार दो वर्षो से लव कुश जयंती समारोह को संक्षिप्त रुप में मनाई जा रही थी । अब जब की सरकार ने कोविड संक्रमण को लेकर सारी बंदिशें हटा दिया है ऐसे में आगामी 11 अगस्त2022 को सामाजिक एकता और सौहार्द को बनाकर बढ़ाने के लिए लव कुश जयंती समारोह को बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जयंती समारोह के सफल आयोजन के लिए तत्काल एक अंतरिम समिति का निर्माण किया गया। अंतरिम समिति की बैठक 02 अगस्त 2022को संध्या 5:00 बजे कुशवाहा छात्रावास परिसर में होगी। गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों में नवनियुक्त प्रखंड समिति के अध्यक्ष और मंत्री के साथ पूरी टीम को यह निर्देश दिया गया कि लव कुश जयंती की शानदार सफलता के लिए आप अभी से समाज के विभिन्न टोले मु. हल्लों में जाकर इसका प्रचार प्रसार करते हुए जागरूकता फैलाने का काम करें साथ ही निर्णय लिया गया कि प्रतिभाओं के सम्मान के लिए लव कुश समारोह में कुशवाहा समाज के मैट्रिक स्नातकोत्तर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और सरकारी सेवा में नवनियुक्त कुशवाहा समाज के लोगों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित समाज के नव चयनित जनप्रतिनिधियों को भी समाज का मान बढ़ाने के लिए संघ की ओर से सम्मानित किया जाएगा । जमुआ पश्चिमी भाग कुशवाहा संघ प्रखंड कमेटी के निर्वाचन को तत्काल स्थगित करते हुए जिला अध्यक्ष ने एक समिति का गठन किया है जो स्थानीय स्तर पर चयनित प्रतिनिधियों से बात कर उत्पन्न विवाद का संपादन करेगी। उल्लेखनीय है समाज हित में छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए नए सिरे से नियमावली का निर्माण किया जाएगा ताकि समाज के लाभ से वंचित छात्र तक को इसका लाभ मिल सके। जिला कुशवाहा संघ का कार्यकाल समाप्त होने के उपरांत नई समिति के पुनर्गठन के लिए सर्वसम्मति से आगामी 21अगस्त2022 का दिन तय किया गया। आज की बैठक में मुख्य रूप से अर्जुन प्रसाद वर्मा बसंत कुमार वर्मा मुन्ना प्रसाद कुशवाहा दिगंबर प्रसाद दिवाकर इंद्र लाल वर्मा इंद्र नारायण प्रसाद पवन कुमार वर्मा रीतलाल प्रसाद वर्मा अरुण प्रसाद वर्मा ओम प्रकाश महतो रामदेव प्रसाद वर्मा रमेश कुमार वर्मा अंबिका महतो यमुना महतो जयप्रकाश वर्मा पवन कुमार वर्मा इंद्र लाल वर्मा कैलाश कुमार वर्मा डॉ शशि भूषण प्रसाद अरुण वर्मा विनोद प्रसाद वर्मा रामचंद्र वर्मा सहित सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के प्रति समर्पित सोच रखने वाले लोग उपस्थित थे।

## टुंडी रोड में नाली निमार्ण में अनियमितता पर यूवा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह सदर प्रखंड के औद्योगिक क्षेत्र में टुंडी रोड में चल रहे हैं पीडब्ल्यूडी के नाली निर्माण कार्य में बड़ी अनियमितता उजागर हुई है जिसको लेकर वहां के स्थानीय ग्रामीणों ने गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो हसनैन अली को सूचना दिया। सुचना पाकर जिला अध्यक्ष हसनैन अली कार्यस्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों के द्वारा लगाए गए आरोपों को सही पाया। नाली निमार्ण कार्य में धनबाद के किसी कांट्रेक्टर के द्वारा पूर्व में बने क्षतिग्रस्त एवं गंदगी से जाम नाले के ऊपर ढक्कन लगाने का काम किया जा रहा था। जिसको देखने के बाद जिला अध्यक्ष कांट्रेक्टर के कर्मियों पर भड़क गए और कार्य को तत्काल बंद कराया । इस बाबत जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने बताया कि कई वर्ष पूर्व में सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण हुआ था लेकिन बहुत कम समय में नाली क्षतिग्रस्त हो गया जिसके बाद नई नाली निर्माण योजना के तहत जो कार्य होना था उसमें छड़ का जाली बनाकर ढलाई करना था और आज जिस तरह मनमाने ढंग से क्षतिग्रस्त गंदे नाले के ऊपर ढक्कन लगाकर यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा था कि इस कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। जो बिल्कुल दिनदहाड़े लूट को दर्शाती है। लेकिन मैं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को बता देना चाहता हूं कि इस तरह से सरकारी कार्यों में मनमानी नहीं चलने दिया जाएगा जो योजना सरकार जनता के लिए दे रही है उसको पूर्ण रूप से पूरा करना होगा और इस मामले को लेकर गिरिडीह उपायुक्त को ज्ञापन देकर यह मांग करूंगा कि इस कांट्रेक्टर के द्वारा जो भी कार्य कराया गया है सुचारु रुप से उसकी जांच हो और किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर संवेदक पर कठोर कार्रवाई हो !




## विधायक के पहल से लगा 100 केवी का ट्रांसफार्मर

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अन्तर्गत बलगो पंचायत के चिरुडीह वार्ड नं 2 में शनिवार को सो केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। जानकारी के मुताबिक बता दे कि बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह के पहल रहे चिरुडीह गांव में एक सौ केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर लगाने के बाद ट्रांसफार्मर का उदघाट्न बलगो पंचायत के पूर्व मुखिया जानकी रजक ने संयुक्त रूप से फीता काट्कर किया,इस मौके पर उपस्थित रहे बलगो पूर्व मुखिया जानकी रजक,वार्ड सदस्य प्रतिनिधि हलीम अन्सारी, यूनुस अन्सारी, कमरुद्दीन अन्सारी, हैदर अली, जब्बार, ताजुद्दीन, हाकिम,सकुर,इब्राहिम, सद्दाम,रियाज़,चाँद, गुलाम रसूल, सगीर, असगर ,मंजुर,सहीद,फरीद,जमाल वही सैकड़ों की संख्या में गाँव के लोग उपस्थित रहे।वही रोशनी से जगमग हुआ बलगो पंचायत के चिरुडीह वार्ड नम्बर दो।

## हेठली बोदरा में धोती- साड़ी का वितरण शुरू

### सोना- सोबरन धोती साड़ी योजना से गरीबो का होगा कल्याण : शेख तैयब

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण करते अतिथि

सोना- सोबरन धोती- साड़ी योजना का लाभ अलपीटो पंचायत के पीएच, अंत्योदय एवं ग्रीन कार्डधारियों को मिलना शुरू हो गया है। पंचायत के हेठली बोदरा में पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा रविवार को कार्डधारियों के बीच धोती- साड़ी और लुंगी का वितरण कर इसकी शुरुआत की गई। पीडीएस दुकानदार जिबाधन यादव के दुकान के पास आयोजित वितरण समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि जिप सदस्य सह बगोदर विधायक के बिष्णुगढ़ प्रतिनिधि शेख तैयब ने कहा कि सरकार की यह महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना है। इस योजना से गरीबों समेत आमजनों का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि विष्णुगढ़ मध्य भाग जिला परिषद क्षेत्र में सभी लाभुकों को इसका लाभ मिलेगा। पीएच कार्ड के सभी लाभुकों को प्रति कार्ड पर एक धोती और एक साड़ी दस- दस रुपए में डीलरों के द्वारा दिया जा रहा है। धोती नहीं लेने वाले साड़ी के साथ लुंगी ले सकते हैं। दूसरी ओर गांव के हीं दूसरा पीडीएस दुकान मां दुर्गा समूह के कार्डधारियों के बीच भी पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा धोती साड़ी का वितरण कर इसकी शुरुआत की गई। मौके पर अलपीटो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनेश्वर यादव, उपमुखिया विनोद रजक, पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि कौलेश्वर पासवान, डीलर जीबाधन यादव समेत स्थानीय लोगों में दिलीप यादव, उमेश यादव, रामदेव यादव, भुनेश्वर यादव, गुली सिंह, घनश्याम यादव, संजय यादव, गजेंद्र पाठक आदि उपस्थित थे। लाभुकों में मूर्ति यादव, रवींद्र पाठक, मेघल यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## मुहर्रम त्योहार को लेकर को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

### मुहर्रम त्योहार को इबादत के साथ मनाएँ,सुरक्षा की होगी मुक्कमल ब्यवस्था : एस डी पी ओ

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :- राजपुर थाना परिसर में रविवार को मुहर्रम त्यौहार को शांति व सौहार्द रूप में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी हुलास महतो एवं अनुमंडल पुलिस पदा. धिकारी अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में प्रखंड के दोनों समुदाय से सैकड़ों लोग एवं बुद्धिजीवी पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मोहर्रम का त्यौहार शांति व सौहार्द के रूप में मनाना है, बैठक को संबोधित करते हुए अंचल अधिकारी हुलास महतो ने कहा कि त्यौहार को त्यौहार जैसा मनाएं मोहर्रम का त्यौहार प्रखंड में शांति से मनाने के लिए प्रशासन सभी अखाड़ों में मुस्तैद रहेगी। वही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि सभी अखाड़ों में पुलिस की मुकम्मल व्यवस्था होगी ताकि त्यौहार में खलल डालने वाले पर पुलिस की कड़ी नजर रहे। श्री कुमार ने कहा कि प्रखंड के सभी मोहर्रम अखाड़ा को निर्देश दिया जाता है कि समय पर मोहर्रम का जुलूस निकाले और कर्बला तक समय रहते ले जाएं।वहीं उन्होंने कहा की त्यौहार के दौरान शराब पर भी पुलिस अभियान चला रही और चलाती रहेगी। बैठक को थाना प्रभारी विकास पासवान, विनय सिन्हा, विकास कुमार उर्फ छोटू सिंह, आफताब हुसैन सहित दर्जनों लोगों ने भी संबोधित किया मौके पर सोनू खान,मोहम्मद शेरशाह,घनश्याम पांसी, मो.इकबाल,सहित सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

APEM
LIVE